भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1922

उत्तर दिनांक - 08/08/2024 को दिया गया

परमाणु विद्युत उत्पादन के आंकड़े

1922. श्रीमती जेबी माथेर हीशम

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) गत पांच वर्षों के दौरान परमाणु विद्युत उत्पादन का विद्युत स्टेशन-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) मई, 2014 में सत्ता में आने पर सरकार ने कितना परमाणु विद्युत उत्पादन करने की योजना बनाई थी;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान परमाणु विद्युत उत्पादन पर कुल कितना व्यय किया गया; और

(घ) परमाणु निर्वासन से उभरने के बाद देश को अपने सिविल कार्यक्रम के लिए विदेशी प्रौद्योगिकी और कच्चे माल तक पहुंच प्राप्त करने का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) संयंत्र-वार उत्पादन विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) मई 2014 में, स्थापित नाभिकीय विद्युत क्षमता 4780 मेगावाट थी और निर्माणाधीन क्षमता 5300 मेगावाट थी। इसके अलावा, वर्ष 2013-14 में 3400 मेगावाट की क्षमता को मंज़ूरी प्रदान की गई थी। उनके पूरा होने के अनुमानों के आधार पर, सरकार ने अगले दस वर्षों में तत्कालीन मौजूदा क्षमता का लगभग तीन गुना अनुमानित किया था। तथापि, सरकार ने वर्ष 2017 में 9000 मेगावाट की वृहद् क्षमता के लिए मंज़ूरी प्रदान की जिसके द्वारा वर्ष 2031-32 तक 22480 मेगावाट की स्थापित क्षमता प्राप्त करने का अनुमान है।

(ग) वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक नाभिकीय विद्युत उत्पादन पर व्यय (सीएपीईएक्स) लगभग ₹69,435 करोड़ रहा।

(घ) आईएईए के साथ भारत विशिष्ट सुरक्षा समझौते, नाभिकीय आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) की मंज़ूरी और कई देशों के साथ अंतर-सरकारी समझौतों पर हस्ताक्षर करने के साथ ही भारत वर्ष 2008 में अंतर्राष्ट्रीय पृथक्कारी तंत्र से उभरकर आया।

अनुलग्नक

नाभिकीय विद्युत संयंत्र	बिजली उत्पादन (मिलियन यूनिट में)				
	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
टीएपीएस-1	954	परियोजना मोड के अधीन यूनिट			
टीएपीएस-2	1234	341	परियोजना मोड के अधीन यूनिट		
टीएपीएस-3	3827	3877	3829	4636	4148
टीएपीएस-4	4522	3669	4774	4349	3965
आरएपीएस-2	1410	429	1453	733	1605
आरएपीएस-3	1705	1699	1563	1024	परियोजना मोड के अधीन यूनिट
आरएपीएस-4	1688	1816	1723	1239	1701
आरएपीएस-5	1946	1427	1869	1661	1986
आरएपीएस-6	1703	2015	1702	1923	1768
एमएपीएस-1	परियोजना मोड के अधीन यूनिट				
एमएपीएस-2	1843	1704	1089	1786	1592
एनएपीएस-1	1900	1738	1828	1542	1521
एनएपीएस-2	1891	1547	1753	1651	1353
केएपीएस-1	1467	1817	1852	1793	1967
केएपीएस-2	1962	1896	1652	1846	1708
केएपीएस-3	परियोजना मोड के अधीन यूनिट				3932
केएपीएस-4	परियोजना मोड के अधीन यूनिट				3
कैगा-1	1841	1903	1607	1855	1643
कैगा-2	1773	1592	1805	1687	1935
कैगा-3	1838	1635	2059	2073	1918
कैगा-4	1827	1964	2021	1829	2006
केकेएनपीपी-1	7115	5638	7009	7035	6656
केकेएनपीपी-2	4029	6323	7527	7191	6563

*****